दुर्दशा

छत से टपक रहा पानी, बिजली फिटिंग का भी अभाव, सरपंच ने खोला मोर्चा कहा -व्यवस्था सुधारे बिना नहीं खुलेंगे ताले

# 38 लाख की लागत से बना आंगनबाड़ी भवन चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**नारायणगंज, नवभारत।** भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सरकारी योजनाओं का एक शर्मनाक उदाहरण नारायणगंज के ग्राम पंचायत बनार में देखने को मिल रहा है जहां वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 38 लाख रुपये की लागत वाला आंगनबाड़ी भवन लोकार्पण से पहले ही अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है। सरपंच सतीश सैयाम ने परियोजना अधिकारी और ठेकेदार पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाते हुए भवन को असुरक्षित करार दिया है।

सरपंच सतीश सैयाम ने बताया कि करोड़ों की लागत से बना यह भवन निर्माण के कुछ ही समय बाद जीर्ण-शीर्ण हो गया है। स्थिति यह है कि छत पूरी तरह से रिस रही है, जिससे बारिश का पानी अंदर टपकता है। भवन में न तो बिजली




की फिटिंग की गई है और न ही साफ-सफाई का कोई इंतजाम है। सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि भवन में बोरवेल के जरिए पानी की टंकी से कनेक्शन तक नहीं जोड़ा गया, जो कि निर्माण कार्य का अहम हिस्सा था।

### अधिकारियों द्वारा बनाया जा रहा दबाव

आरोप है कि परियोजना अधिकारी ने ठेकेदार को बचाने के लिए अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर भवन में केंद्र संचालित करने का दबाव डालना शुरू कर दिया है। सरपंच का कहना है कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते बिना किसी लोकार्पण कार्यक्रम और बिना मूलभूत व्यवस्थाओं के भवन चालू करना गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक भवन में बिजली, पानी और मरम्मत का काम सुचारू रूप से नहीं हो जाता, तब तक वे किसी भी कीमत पर आंगनबाड़ी का संचालन नहीं होने देंगे।

### आंदोलन की दी चेतावनी

सरपंच ने चेतावनी दी है कि यदि परियोजना अधिकारी ने अपनी मनमानी बंद नहीं की और जल्द ही भ्रष्टाचार की जांच कर निर्माण कार्य पूरा नहीं करवाया, तो उन्हें ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस 38 लाख रुपये के भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो।



# मेले में पारंपरिक सिंधी व्यंजनों का दिखा अनूठा संगम

▸ सिंधी समाज ने किया फूड फेस्टिवल का आयोजन

**अंजनिया।** चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में अंजनिया में आयोजित कार्यक्रम में सिंधी समाज द्वारा फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस मेले में समाज की महिलाओं और बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी से आयोजित इस फूड फेस्टिवल में पारंपरिक सिंधी व्यंजनों की विविधता ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सिंधी पंचायत, मातृशक्ति संगठन और समाज के वरिष्ठजनों द्वारा आराध्य देव भगवान झूलेलाल के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके पश्चात फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक परिवारों ने हिस्सा लिया।

आयोजन में समाज के हर वर्ग, विशेषकर बच्चों और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में मातृशक्ति संगठन की सभी महिलाओं का योगदान सराहनीय रहा। समाज के वरिष्ठजनों ने इस प्रकार के आयोजनों को सामाजिक एकता और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# बेसहारा मां को बेटा देगा दो हजार प्रतिमाह भरण-पोषण

▸ 90 वर्षीय शांतिबाई को मिला न्याय

**नैनपुर।** माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में नैनपुर एसडीएम न्यायालय ने एक नजीर पेश की है। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत सुनवाई करते हुए एसडीएम आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर ने एक 90 वर्षीय बुजुर्ग मां के पक्ष में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है।

ग्राम घटेरी निवासी बुजुर्ग महिला शांतिबाई पति स्व. नाथूराम झरिया ने न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर व्यथा सुनाई थी कि उनके पुत्र द्वारा उन्हें भरण-पोषण नहीं दिया जा रहा है। उम्र के इस पड़ाव पर बुनियादी जरूरतों के अभाव में उन्हें जीवन-यापन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना



पड़ रहा था। एसडीएम न्यायालय ने मामले की संवेदना को देखते हुए त्वरित सुनवाई की और तथ्यों के परीक्षण के बाद बुजुर्ग महिला के हक में फैसला सुनाया।

### सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने अनावेदक पुत्र करोड़ी लाल को स्पष्ट आदेश दिया है कि वह अपनी मां शांतिबाई को अनिवार्य रूप से दो हजार रूपए प्रतिमाह भरण-पोषण भत्ता प्रदान करेगा। न्यायालय ने सख्त लहजे में सचेत किया है कि यदि इस आदेश का पालन नहीं किया गया, तो अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोपी पुत्र को 3 माह तक के कारावास की सजा भुगतनी पड़ सकती है।

### बुजुर्गों के लिए एसडीएम की विशेष अपील

एसडीएम आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई भी ऐसा बुजुर्ग (महिला या पुरुष) हो, जिसे उनकी संतान प्रताड़ित कर रही हो, भरण-पोषण न दे रही हो या घर से निकाल दिया हो, तो उन्हें तुरंत एसडीएम कार्यालय पहुँचाने में सहयोग करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसे वृद्धजनों को अधिनियम के तहत त्वरित न्याय और विधिसम्मत सहायता दिलाई जाएगी।

# पुलिस ने जुए के फड़ पर मारा छापा

**जबलपुर।** शहपुरा पुलिस ने फुलर स्थित खेत में बनी टपरिया में चल रहे जुए के अड्डे पर दबिश देकर 11 जुआरियों को रंगे हाथों दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 40 हजार रुपये से अधिक की नकदी और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि ग्राम फुलर स्थित खेत में बनी एक टपरिया में ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे पुरुषोत्तम रैकवार निवासी मगरमुंहा, यशवंत ठाकुर व संतोष लोधी निवासी कटीला हार, अमित दुबे, सोनू मंसूरी, साजन राजपूत, गुड्डू उर्फ बेड़ीलाल व नीरज सिंह निवासी पाटन, संदीप लोधी, प्रवेन्द्र सिंह व गोप सिंह निवासी बेलखेड़ा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। नगद 40 हजार 500 रुपये, कंपनियों के 11 मोबाइल जप्त किए गए।

# तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों की नियुक्ति में हुई बंदरबांट

बिना कारण हटाए गए पुराने कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा पत्र, उठाई जांच की मांग

**नारायणगंज।** तेंदूपत्ता सीजन 2026 की शुरुआत से पहले ही फड़ मुंशियों की नियुक्ति को लेकर विवाद गहरा गया है। प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित 357 छपरा में अध्यक्ष और प्रबंधक पर फर्जी प्रस्ताव पारित कर पुराने अनुभवी फड़ मुंशियों को पद से हटाने और अपने रिश्तेदारों या चहेतों को नियुक्त करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

पीड़ित फड़ मुंशियों का कहना है कि मध्य प्रदेश शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि पूर्व से कार्यरत किसी भी फड़ मुंशी को बिना किसी ठोस कारण के नहीं हटाया जाएगा। इसके बावजूद, छपरा समिति में नियमों को ताक पर रखकर 5 से 6 अनुभवी मुंशियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। आरोप है कि अध्यक्ष और प्रबंधक द्वारा मिलीभगत कर



फर्जी प्रस्ताव के आधार पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जिसमें पारदर्शिता का पूरी तरह अभाव है।

### इन कर्मियों को दिखाया बाहर का रास्ता

जारी की गई नई सूची के अनुसार ग्राम छपरा से प्रकाश कुमार परस्ते, पडरिया से देवीसिंह सोयाम, भैसवाही से नन्हेसिंह धूमकेती, मुरझोर से देवचंद मसराम और सरस्वाही से प्रदीप मार्को को उनके पदों से हटाकर नए लोगों की नियुक्ति कर दी गई है। हटाए गए कर्मियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि उन्हें बगैर किसी पूर्व सूचना या कारण के हटाया गया है।

### संघ ने प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी

फड़ मुंशी संघ ने इस मामले में कलेक्टर और प्रबंधक संचालक पश्चिम सामान्य वन मंडल को पत्र प्रेषित कर जांच की मांग की है। संघ की मांग है कि फर्जी नियुक्तियों को तत्काल रद्द किया जाए और पूर्व से कार्यरत मुंशियों की यथावत सूची जारी की जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन ने इस मनमानी पर रोक नहीं लगाई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# कॉम्बिग गश्त में 280 वारंटी पकड़ाए

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिग गश्त कर गुंडे बदमाशों की धरपकड़ की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 132 गैर म्यादी वारंटियों एवं 81 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 67 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे इसके साथ ही क्राईम ब्रांच की टीमें भी लगाई गयी।

# जायद मौसम के लिए किसानों को मिले मूंगफली व तिल के उन्नत बीज

**नारायणगंज, नवभारत।** कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड नारायणगंज द्वारा राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स-ऑयलसीड्स (तिलहन) योजना के अंतर्गत कृषकों को जायद (ग्रीष्मकालीन) मौसम में बुवाई हेतु मूंगफली एवं तिल के उन्नत बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि स्थायी समिति सभापति धरम सिंह वरकड़े के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग से हरिओम झरिया (कृषि विस्तार अधिकारी) सहित विकासखंड नारायणगंज के अनेक किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री वरकड़े ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि तिलहन फसलों की खेती किसानों की आय बढ़ाने




का एक अच्छा माध्यम है। शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर किसान उन्नत बीजों और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं, जिससे उत्पादन बढ़ने के साथ उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सके।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को जायद मौसम में मूंगफली और तिल की उन्नत खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को समय पर बोवनी, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था, कीट व रोग नियंत्रण तथा फसल की देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि प्रमाणित और उन्नत किस्म के बीजों के उपयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ बेहतर गुणवत्ता की उपज प्राप्त होती है।

### उन्नत बीज से कम लागत में मिलेगा अधिक उत्पादन

कृषि विभाग के अनुसार शासन की इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में तिलहन फसलों के रकबे और उत्पादन को बढ़ाना तथा किसानों को तिलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के माध्यम से किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें।

### किसानों को किया गया प्रेरित

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों को मूंगफली एवं तिल के उन्नत बीज वितरित किए गए तथा उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# जटिल प्रसव ऑपरेशन कर मां-बच्चे को दी नई जिंदगी

▸ डॉक्टरों की सूझबूझ से सुरक्षित हुआ प्रसव

**नैनपुर।** नैनपुर स्थित सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने एक बार फिर चिकित्सा सेवा की मिसाल पेश की है। यहाँ चिकित्सकों की टीम ने जटिल प्रसव के दौरान एक महिला का सफल ऑपरेशन कर उसे और नवजात शिशु को नई जिंदगी दी है।

जानकारी अनुसार रंजीता वरकड़े पति राजेश वरकड़े प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थीं। स्वास्थ्य जांच के दौरान डॉ. कामना चावला और डॉ. मोनिका भगत ने पाया कि प्रसूता की नॉर्मल डिलीवरी संभव नहीं है और जच्चा-बच्चा दोनों की स्थिति को देखते हुए तुरंत ऑपरेशन की आवश्यकता है। चिकित्सकों ने बिना देरी किए ऑपरेशन का निर्णय लिया।



### ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा स्वस्थ

चिकित्सकों के कुशल मार्गदर्शन में टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन संपन्न किया। प्रसूता ने 2.7 किलोग्राम वजनी स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन में डॉ. प्रवीन उइके, डॉ. अंकुर वाचला, डॉ. जमुना प्रसाद और समर्पित नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। वर्तमान में माँ और बच्चा दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं और चिकित्सकीय देखरेख में हैं। सफल ऑपरेशन के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# छापेमारी कर जब्त किए ग्यारह घरेलू गैस सिलेंडर





अवैध गैस सिलेंडरों पर रविवार को भी जारी रही कार्रवाई

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार रसोई गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने के लिए राजस्व, पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा ग्यारह घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जानकारी के अनुसार संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन के नेतृत्व में विजय नगर चौपाटी में आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जहां व्यावसायिक उपयोग में पाए जाने पर तीन घरेलू रसोई गैस सिलेंडर जप्त किए गए। इसके अलावा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नीतू बागरी के नेतृत्व में जय प्रकाशनगर आधारताल में निरीक्षण के दौरान एक हॉकर के निवास से दो व्यावसायिक और एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। कार्यवाही में प्रभारी आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद मिश्र, नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा, कार्यालिक मजिस्ट्रेट नीतू बागरी, कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक राजधर साकेत एवं गुंजन सिंह शामिल थे।

### इन प्रतिष्ठानों से भी सिलेंडर जब्त

कार्यवाही के दौरान आधारताल स्थित अग्रवाल स्वीट्स से एक घरेलू सिलेंडर रानीताल स्थित जायका रेस्टारेंट से एक घरेलू रसोई गैस सिलेंडर, रानीताल में ही श्रीराम रेस्टारेंट से दो घरेलू रसोई गैस सिलेंडर तथा जय नगर स्थित अंशुल रेस्टारेंट से तीन घरेलू रसोई गैस सिलेण्डर व्यावसायिक इस्तेमाल पाये जाने पर जप्त किये गये हैं।

### शहपुरा में 10 प्रतिष्ठानों से 10 सिलेंडर जब्त

इसी प्रकार अनुभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहपुरा क्षेत्र में प्रतिष्ठानों में एलपीजी गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग की जांच की गई। जांच के दौरान 10 अलग-अलग प्रतिष्ठानों से कुल 10 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।



# गांजा तस्करी करते महिला समेत 3 गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच और लार्डगंज, अधारताल व ग्वारीघाट थाना पुलिस की टीम ने मादक पदार्थ गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 1 किलो 515 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। इसके अलावा 10 हजार 680 रुपये नगद राशि भी जप्त की गई है।

लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि सब्जी मंडी लटकारी का पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर प्रेम केशरवानी 45 वर्ष निवासी सब्जी मंडी निवाड़गंज लार्डगंज को पकड़ा गया, तलाशी लेने पर पहने हुये पेंट के दाहिने जेब में नगदी 1 हजार 680 रूपये, पहनी हुई बनियान के अंदर एक पालीथीन में रखा 267 ग्राम गांजा कीमती लगभग 13 हजार 350 रूपये का जब्त किया गया। इसी तरह थाना प्रभारी अधारताल प्रवीण कुमरे ने बताया कि महाराजपुर में थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दबिश दी मुन्नी बाई कोल 68 वर्ष निवासी शंकरटोला महाराजपुर अधारताल को पकड़ा गया, तलाशी लेने पर थैला में 882 ग्राम गांजा कीमती लगभग 44 हजार 100 रूपये व नगदी 9 हजार रूपये मिले।



# निवास में साहू समाज ने मनाई मां कर्मा देवी की 1010वीं जयंती

**निवास, नवभारत।** निवास क्षेत्र के साहू( तेली) समाज द्वारा उनकी आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1010 जयंती हर्षौल्लास के साथ मनाई गई बताया गया की समाज द्वारा सबसे पहले मंगल भवन निवास से कलश यात्रा भगवान श्री कृष्ण ,जगन्नाथ स्वामी, मां कर्मा देवी की रथ पर झांकी, ढोल, बाजों, आतिशबाजी के साथ प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा बस स्टैंड,बाजार चौक,खेरमाई , राम मंदिर से पुन: वापिस होते हुए मंगल भवन पहुंची यहां कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बताया गया कि कार्यक्रम की शुरुवात मां कर्मा देवी के चित्र पर पूजन अर्चन और आरती के साथ की गई इसके बाद मंचासीन स्वजाति बंधुओं का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया वही कार्यक्रम पर समाज के नन्हें



मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए इतना ही नहीं कक्षा दसवीं ,बारहवीं में उत्तीर्ण मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में मंचसीन रहे समाज के वरिष्ठों द्वारा समाज के उत्थान व संगठित को लेकर उद्बोधन दिया गया

### सामाजिक भोज के साथ कार्यक्रम का हुआ समापन

साहू समाज के वरिष्ठों ने समाज के उत्थान और संगठित होने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा- साहू समाज को एकजुट होकर अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। हमें अपने समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। इससे पूर्व वक्ताओं द्वारा मां कर्मा देवी के इतिहास को भी बताया कार्यक्रम के अंत में सामाजिक भोज किया गया इसके बाद आभार व्यक्त किया गया बताया गया कि कार्यक्रम पर निवास नगर के इलावा, पिपरिया, आमगांव, कटंग सिवनी, बिसौरा, जेवरा, बबलिया, बिछिया हाथी तारा, गुंदलई, खड़ देवरी, डाला बिछिया आदि से बड़ी संख्या में स्वजाति बंधु उपस्थित रहे वही बताया गया की कार्यक्रम के दिन सभी स्वजाति बंधुओं ने अपनी अपनी प्रतिष्ठान बंद रख कार्यक्रम को सफल बनाया।

### ये रहे मौजूद

जयंती कार्यक्रम के दौरान साहू समाज के नारायण साहू, लक्ष्मण साहू, राम जी साहू, शारदा साहू, सदन साहू, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य हीरा लाल साहू, अजय साहू, टेकचंद साहू, अमित साहू, अशोक साहू, जेवरा से उमेश साहू, प्रदीप साहू, अनिल साहू, सुरेश साहू , कैलाश साहू, बल्लू साहू, विवेक साहू, त्रिलोक साहू, संजय साहू, समीर साहू, महेश साहू , सतेंद्र साहू, कृष्ण लाल साहू , कृष्ण कुमार साहू , विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं , पुरुष, युवाओं की उपस्थिति रही।